मेरी भक्ति में रंग बरसाओ

मेरी भक्ति मे रंग बरसाओ,
आओ आओ गजानन आओ....

मैं जल भर लोटा लाऊं,
चंदन चौकी पर बिठाऊ,
आकर के चरण धुलाओ, आओ आओ गजानन आओ,
मेरी भक्ति मे रंग बरसाओ.....

भोले शंकर के पुत्र गजानन,
मां की आंखों के तारे गजानन,
आके भक्तों के दिल में समाओ, आओ आओ गजानन आओ,
मेरी भक्ति मे रंग बरसाओ.....

रिद्धि सिद्धि को संग में लाना,
गोरा मैया को भूल ना जाना,
आने में देर ना लगाओ, आओ आओ गजानन आओ,
मेरी भक्ति मे रंग बरसाओ.....

हम सबके प्यारे गजानन,
सब देवों से न्यारे गजानन,
आके कीर्तन में रस बरसाओ, आओ आओ गजानन आओ,
मेरी भक्ति मे रंग बरसाओ.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/27412/title/meri-bhakti-me-rang-barsao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |